IDBI BANK

एसोचैम ने अपनी 18वीं वार्षिक समिट एवं अवार्ड्स- बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र ऋण कंपनियों में आईडीबीआई बैंक को तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया है. बैंक को मध्यम आकारवाले बैंक सेगमेंट में “सर्वश्रेष्ठ डिजिटल पहल” में विजेता और “सर्वश्रेष्ठ जोखिम एवं साइबर सुरक्षा पहल” तथा “सर्वश्रेष्ठ उत्पाद/सेवा नवोन्मेषन” में उप विजेता घोषित किया गया है. यह पुरस्कार आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर श्री एन. एस विश्वनाथन, एसोचैम के अध्यक्ष एवं एनएबीएफ़आईडी के एमडी श्री राजकिरण राय जी और बैंक तथा वित्तीय क्षेत्रों के अन्य वरिष्ठ उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में आरबीआई के कार्यपालक निदेशक श्री अजय कुमार चौधरी द्वारा आईडीबीआई बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री सुरेश खटनहार ने प्राप्त किया.